वेबसाइटःwww.bankofbaroda.in ईमेल: corp.pr@bankofbaroda.com

स्थान: मुंबई तारीख: 08.09.2023

प्रेस विज्ञप्ति

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने देश भर के 6,000 से अधिक ATM पर UPI ATM सुविधा का शुभारंभ किया

कार्ड रहित, यूपीआई क्यूआर -आधारित नकद निकासी सेवा बैंक ऑफ़ बड़ौदा के ग्राहकों के साथ-साथ सभी प्रमुख जारीकर्ता बैंकों के ग्राहकों के लिए उपलब्ध है

मुंबई, 08 सितंबर, 2023: भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बैंक) ने देश भर में 6,000 से अधिक बैंक ऑफ़ बड़ौदा एटीएम पर यूपीआई एटीएम सुविधा को सक्षम किए जाने की घोषणा की है। यह नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) के समन्वय में और एनसीआर कॉरपोरेशन द्वारा समर्थित, यूपीआई एटीएम का शुभारंभ करने वाला पहला सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा के ग्राहकों के साथ-साथ सभी भागीदार जारीकर्ता बैंकों के ग्राहक भी किसी भी यूपीआई-सक्षम मोबाइल ऐप का उपयोग करके बैंक ऑफ बड़ौदा यूपीआई एटीएम से अपने डेबिट कार्ड का उपयोग किए बिना नकदी निकाल सकते हैं।

बैंक का यूपीआई एटीएम 2023 के ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में प्रदर्शित किया गया था, जो 5 से 7 सितंबर 2023 को मुंबई में हुआ था।

इंटरऑपरेबल कार्डलेस नकद निकासी (ICCW) तकनीक का उपयोग करके एटीएम के माध्यम से बिना कार्ड के नकदी निकाली जा सकती है। यूपीआई एटीएम क्यूआर कोड का उपयोग करके सुरक्षित रूप से नकदी निकालने की सुविधा प्रदान करता है जिससे नकदी निकालने के लिए कार्ड की आवश्यकता नहीं होती।

श्री जयदीप दत्ता राय, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने कहा, "हम भारत में एक प्रभावशाली डिजिटल परिवर्तन को देख रहे हैं, जिसमें सभी वर्गों के लोग नई तकनीकों को अपनाने के लिए उत्सुक हैं जो बैंकिंग को और भी आसान, त्वरित और सुरक्षित बनाती है। हमें प्रसन्नता है कि हमने 6,000 से अधिक यूपीआई एटीएम को सक्षम कर लिया है। यूपीआई एटीएम सुविधा एक आसान और सुरक्षित तरीका है जिसके माध्यम से लोग कार्ड का उपयोग किए बिना नकदी निकाल सकते हैं। यूपीआई एटीएम ने यूपीआई की लोकप्रियता और सुरक्षा को एटीएम की व्यापक पहुंच और उपलब्धता के साथ जोड़ दिया है।"

बैंक ऑफ़ बड़ौदा यूपीआई एटीएम **से नकदी निकालने के लिए निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन करना होगा:**

- एटीएम स्क्रीन पर "यूपीआई कार्डलेस कैश" विकल्प का चयन करें।
- नकद निकालने की राशि का चयन करें।
- यूपीआई ऐप का उपयोग करके एटीएम स्क्रीन पर प्रदर्शित क्यूआर कोड को स्कैन करें।
- यदि एक ही यूपीआई आईडी से कई बैंक खाते जुड़े हैं, तो डेबिट होने वाले बैंक खाते का चयन करें।
- यूपीआई पिन का उपयोग करके लेन-देन की पुष्टि करें और नकदी प्राप्त करें।

यूपीआई एटीएम सुविधा का प्रमुख लाभ है कि ग्राहक यूपीआई से जुड़े कई खातों से नकदी निकाल सकते हैं। यूपीआई एटीएम लेन-देन संचालन भी त्वरित, सुविधाजनक और सुरक्षित होता है क्योंकि यह प्रत्येक लेन-देन के लिए एक बार उपयोग होने वाला डायनेमिक क्यूआर कोड जेनरेट करता है और एक सुरक्षित बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित करता है।

About Bank of Baroda

Founded on 20th July, 1908 by Sir Maharaja Sayajirao Gaekwad III, Bank of Baroda is one of the leading commercial banks in India. At 63.97% stake, it is majorly owned by the Government of India. The Bank serves its global customer base of ~165 million through over 70,000 touch points spread across 17 countries in five continents. Through Its state-of-the-art digital banking platforms, it provides all banking products and services in a seamless and hassle-free manner. The Bank’s bob World mobile app provides customers with a saving, Investing, borrowing, and shopping experience, all under one single app. The app also serves non-customers by enabling account opening through video KYC. The Bank’s vision matches its diverse clientele base and instils a sense of trust and security. It is moving well in that direction and bob World is a testimony of its roadmap towards Digital Transformation.

- Visit us at www.bankofbaroda.in
- Facebook https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- Twitter https://twitter.com/bankofbaroda
- Instagram https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- YouTube https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- LinkedIn https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

For media queries, please contact:
Bank of Baroda contact: Phiroza Choksi | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com
Perfect Relations - Sneha Joshi | +91 9833004482 | Sneha.Joshi@dentsu.com